दैनिक जागरण 14/11/2024

# जीएमएन कालेज की प्रो. गीता गरिमा पुरस्कार से सम्मानित

**जागरण संवाददाता • अंबाला :** डा. अदित सिंह वर्मा के नेतृत्व में भगवती वेलफेयर सोसायटी, हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन 3.0 का आयोजन किया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षकों को राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी से कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. गीता कौशिक को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने, जन जन में शिक्षा की महत्ता को बढ़ावा देने और शिक्षा के माध्यम से खुद को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने डा. गीता कौशिक के प्रयासों की सराहना की और डा. अदित सिंह वर्मा द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना करने के लिए बधाई दी।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त डा. गीता कौशिक को सम्मानित करते हुए • विज्ञप्ति